**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 22.11.2024 समय : 1905

<><><><><><><>

1. मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने आज सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में अपनी वेन टरकिस वाटर टर्न डार्क नामक पुस्तक का विमोचन किया।
2. मतदाता सूची में संशोधन का कार्य किया जा रहा है–कल और चौबीस नवम्बर को क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त शिविर का आयोजन किया जाएगा।
3. पूरे देश के साथ द्वीपसमूह में भी परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

- अंडमान निकोबार कमान की ओर से पैन इंडिया तटीय सुरक्षा अभ्यास सी–विजिल दो हजार चौबीस के चौंथे संस्करण का आयोजन किया गया।
-

<><><><><><><>

मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने आज सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में अपनी वेन टरकिस वाटर टर्न डार्क नामक पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य सचिव ने पुस्तक के बारे में बोलते हुए कहा कि इस पुस्तक में वर्णित फिरोजी रंग का पानी अपने आप में काले पानी के इतिहास की याद दिलाता है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव ने सी आर सी ब्रुक्शाबाद को डेढ़ लाख रूपये का चेक प्रदान किया।

<><><><><><><>

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दक्षिण अंडमान ज़िले में बीस अगस्त से चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न की गतिविधियों पर बैठक का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य सटीक और भरोसेमंद मतदाता सूची को तैयार करना है। बैठक में हितधारकों, जिला उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में सभी राजनीतिक दलों के साथ दो हजार पच्चीस के संदर्भ में फोटो मतदाता सूची में संशोधन के लिए चल रहे वार्षिक सम्मरी रिविज़न के लिए री–रिविज़न गतिविधियों पर चर्चा की गई। इस संबंध में दावे और आपत्तियां अट्ठाईस नवम्बर तक स्वीकार की जाएंगी। अगले वर्ष एक जनवरी तक भावी मतदाताओं के अलावा अगले वर्ष एक अप्रैल, एक जुलाई और एक अक्तूबर तक मतदान के योग्य होने वाले भावी मतदाताओं की पहचान का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा मतदाता सूची में प्रविष्टियों में जरूरी सुधार का कार्य भी किया जा रहा है। अगले वर्ष छः जनवरी को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। कल और चौबीस नवम्बर को क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर अतिरिक्त शिविर का आयोजन किया जाएगा। मतदाता सूची पर्यवेक्षक ने कॉलेज और विद्यालयों में नए मतदाताओं के नामांकन के लिए प्रस्ताव रखा है। ज़िला प्रशासन ने इस प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों से भी बूथ स्तर के अधिकारियों को सहयोग देने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब में कल कॉलेज सभागार में साथी हाथ बढ़ाना विषय पर अभिविन्यास और क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एच के शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने एच आई वी एड्स के बारे में जागरूकता लाने और छात्रों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जागरूक करने के लिए रेड रिबन क्लब की सराहना की। कार्यक्रम में अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी की उप–निदेशक डॉ. जहांआरा यास्मिन सम्माननीय अतिथि थी। उन्होंने रेड रिबन क्लब के उद्देश्यों और एस टी आई, एच आई वी और एड्स की रोकथाम और नियंत्रण में इसकी भूमिकाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जे एन आर एम रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. कांडीमुत्थु ने छात्रों को एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में समाज में एच आई वी एड्स पर जागरूकता बढ़ाने में सक्रिय रूप से भाग लेने को कहा। इस अवसर पर सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बी ए अर्थशास्त्र की वी. स्नेहा और उनकी ग्रुप प्रथम, बी एससी बोटनी की पूनम देवी और उनकी ग्रुप दूसरे स्थान पर जबकि बी ए तमिल विभाग की

राजेश्वरी और उनकी ग्रुप तीसरे स्थान पर रही। विजेताओं को नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में दो सौ पचास विद्यार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><>

देश में परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस वर्ष का नारा है–आज ही शुरूआत करें–पति पत्नि मिलकर परिवार नियोजन की बात करें। इस सिलसिले में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय केन्द्रशासित स्वास्थ्य मिशन के सहयोग से द्वीपसमूह में भी चार दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। यह पखवाड़ा दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है। पहले चरण में सत्ताईस नवम्बर तक इच्छुक दम्पतियों की पहचान और पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। दूसरे चरण में अट्ठाईस नवम्बर से चार दिसम्बर तक नसबंदी सेवाएं प्रदान की जाएगी। पखवाड़े के दौरान सभी स्वास्थ्य संस्थानों में परिवार नियोजन में पुरूषों की भागीदारी बढ़ाने और नसबंदी से जुड़ी अफवाहों के बारे में जानकारी दी जाएगी। आम जनता से भी आग्रह किया गया है कि वे इस पखवाड़े में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से पैन इंडिया तटीय सुरक्षा अभ्यास सी–विजिल दो हजार चौबीस के चौंथे संस्करण का आयोजन किया गया। इस अभ्यास का उद्देश्य समुद्री खतरों के खिलाफ तटीय सुरक्षा को और मजबूत करना था। साथ ही समुद्री युद्ध में प्रौद्योगिकी और रणनीति में नवीनतम विकास की ओर ध्यान केन्द्रित करते हुए तटीय रक्षा और तटीय सुरक्षा के बीच समन्वय स्थापित करना है। यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया गया। पहले चरण में तटीय रक्षा और सुरक्षा का मूल्यांकन किया गया, जबकि दूसरे चरण के दौरान समुद्र क्षेत्र में आकस्मिक हमले और संभावनाओं पर बनावटी अभ्यास किया गया। सी–विजिल अभ्यास में कमान, प्रशासन, पुलिस, जहाजरानी निदेशालय, विशेष ब्यूरो, मत्स्य, एन सी सी कैडेट और अन्य एजेंसियों के साथ तटीय रक्षा से जुड़े सभी हितधारकों ने भाग लिया।

<><><><><><>

हिन्दू राष्ट्र शक्ति के अध्यक्ष राकेश्वर लाल ने डेरीफार्म निवासी गुप्तेश्वर लाल के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका आज निधन हो गया। वे पैंसठ वर्ष के थे। शव यात्रा कल दिन में ग्यारह बजे इनके निवास स्थान से आरंभ होगी।

<><><><><><>

बाराटांग के ओरलकच्छा फॉरेस्ट मैदान मे ज़िला परिषद कप फुटबॉल नॉकआउट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। आज खेले गए मैच में ओरलकच्छा बॉयस– ए ने अडाजिक को सात–एक से हराया। कल पहला मैच ओरलकच्छा–बी और राफ्टरक्रीक के बीच दोपहर बाद ढाई बजे और दूसरा मैच ओरलकच्छा–ए और खारा नाला के बीच शाम साढ़े तीन बजे खेला जाएगा। सेमी फाइनल छब्बीस नवम्बर को खेला जाएगा।

इस बीच, अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन की ओर से राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप में भाग लेने के लिए कल चिन्मय मिशन में नौ और तेरह वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। सभी पंजीकृत खिलाड़ियों से कल सुबह साढ़े आठ बजे मिशन में उपस्थित रहने को कहा गया है। लड़के और लड़कियों की श्रेणी में दोनों आयु वर्ग के चयनित सर्वश्रेष्ठ दो–दो खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा, जो राष्ट्रीय चेस चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा हुई। ननकौड़ी में आज सुबह साढ़े आठ बजे तक बाईस मिलीमीटर, कार निकोबार में आठ, वायु सेना केन्द्र कार निकोबार में तीन और हटबे में दो दशमलव छः मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

<><><><><><>